दिनांकः 20.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राजस्थान की सबसे बड़ी आवश्यकता पानी हैं सरकार ने इसके लिए रोडमैप बनाया है और इसे पूरा करने का हर संभव प्रयास किया जाएगां श्री शर्मा शेखावाटी क्षेत्र के दौरे के तहत दूसरे दिन आज झुंझुनूं के मंडावा पहुंचें जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यमुना समझौता, क्षेत्र में पानी के संकट को दूर करेगां

..............

मुख्यमंत्री ने आज सीकर के फतेहपुर में बालाजी महाराज और करूणा महादेव जी के दर्शन कर प्रदेश की खुशहाली की प्रार्थना कीं मुख्यमंत्री विभिन्न स्थानों पर सभाओं को संबोधित करेंगें वे कल पिलानी में यमुना जल समझौते की प्रगति की समीक्षा बैठक लेंगें इस दौरे में नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा और जिला प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत भी मौजूद हैं 25 अप्रेल को हिसार में यमुना जल समझौते की बैठक प्रस्तावित हैं

..........................................................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज कोटा में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगें श्री बिरला का नयापुरा स्थित खेल परिसर में अंडर ट्वेंटी राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ करने का कार्यक्रम हैं प्रतियोगिता में 26 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के आठ सौ पहलवान हिस्सा ले रहे हैं इसके अलावा लोकसभा अध्यक्ष शहर में सामूहिक विवाह सम्मेलनों में भी शामिल होंगें

..........................................................

सिविल सेवा दिवस कल हैं इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली में लोक सेवकों को संबोधित करेंगें श्री मोदी लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए 16 प्रधानमंत्री पुरस्कार भी प्रदान करेंगें यह पुरस्कार जिलों के समग्र विकास, आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम और नवाचार की श्रेणियों में दिए जाएंगें

इधर, प्रदेश में सिविल सेवा दिवस के अवसर पर राजस्थान सम्पर्क पुरस्कार की शुरूआत की जा रही हैं इसका उद्देश्य राज्य सरकार के सम्पर्क पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध और प्रभावी समाधान में अग्रणी रहने वाले अधिकारियों और विभागों को पहचान देना हैं जयपुर में कल होने वाले समारोह में मुख्यमंत्री श्री शर्मा ये पुरस्कार प्रदान करेंगें लोक सेवा दिवस के उपलक्ष में जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आज से विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आगाज हुआं

..........................................................

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो–एसीबी ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग–पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता अशोक जांगिड़ के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में कार्रवाई की हैं इसके लिए एसीबी ने जयपुर, कोटपूतली, अजमेर सहित छह जिलों में 19 ठिकानों पर छापेमारी की हैं एसीबी के अनुसार अशोक जांगिड़, उसकी पत्नी और पुत्र के नाम पर 54 अचल संपत्तियां दर्ज हैं इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर खनिज लीज भी हैं इन स्थानों पर सर्च ऑपरेशन जारी हैं

..........................................................

भारतीय जनता पार्टी आज से वक्फ सुधार जन–जागरण अभियान शुरू कर रही हैं इसका उद्देश्य वक्फ संशोधन कानून के फायदों के बारे में लोगों को जागरूक करना हैं यह राष्ट्रव्यापी अभियान पांच मई तक जारी रहेगां इस अभियान के दौरान भाजपा नेता और कार्यकर्ता मुस्लिम समुदाय के लोगों से मुलाकात करेंगें

..........................................................

ईस्टर पर्व आज मनाया जा रहा हैं ऐसी मान्यता है कि गुड फ्राइडे पर ईसा मसीह को सलीब पर चढ़ाए जाने के बाद आज ही के दिन उनका पुनर्जन्म हुआ थां इस अवसर पर दुनियाभर के गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं की जा रही हैं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईस्टर को आशा और नएपन का प्रतीक बताते हुए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं

.........................................................

कृषि अधिकारी भर्ती परीक्षा 2024 आज आयोजित की जा रही हैं राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से होने वाली ये परीक्षा अजमेर जिला मुख्यालय पर हो रही हैं 39 केन्द्रों पर ये परीक्षा एक पारी में हो रही हैं ये परीक्षा कृषि अधिकारी के 52 पदों के भर्ती के लिए आयोजित की जा रही हैं

.........................................................

प्रदेश में उत्तरी हवाओं के कारण कई शहरों में तापमान में गिरावट आई हैं हालांकि कुछ स्थानों पर हीटवेव का दौर लगातार जारी हैं मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में दिन और रात के तापमान में 1 से 6 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई 44 दशमलव 3 डिग्री सेल्सियस के साथ कोटा सबसे गर्म रहां जोधपुर और बीकानेर संभाग में आज कहीं–कहीं आंधी और तेज हवाएं चलने की संभावना हैं

.........................................................